## खबर संक्षेप



### विनोद बजाज ने बताए सरल स्वास्थ्य के उपाय

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत" अभियान के अंतर्गत आज विशेष सत्र का आयोजन संस्थापक दिनेश गुलाटी की अध्यक्षता में किया गया। पंचकुला से आए विनोद बजाज ने लोगों को सरल, सुगम और प्रभावी स्वास्थ्य विधियाँ बताईं। योग गुरु दिनेश गुलाटी ने सत्र की शुरुआत योग-चालन और ध्यान से कराई। विनोद बजाज का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। उन्होंने—मधुमेह, गुर्दे की समस्या, वसायुक्त यकृत, कमर दर्द, घुटना दर्द, हृदय स्वास्थ्य, शरीर शुद्धि, वजन नियंत्रण और एक्यूप्रेशर बिंदुओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। योग गुरु दिनेश गुलाटी ने कहा—हमारा उद्देश्य है कि योग्य विशेषज्ञों का ज्ञान हर साधक तक पहुंचे।

### मधुमक्खी पालन में मुनाफा है तो चुनौतियां भी : डॉ. ओपी

**करनाल।** उचानी स्थित बागवानी प्रशिक्षण संस्थान में इंडो–इजराइल परियोजना के अंतर्गत चल रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन तकनीकी सत्र में इजराइल से आए विशेषज्ञ मोरन सिती ने देशभर से आए अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में शहद की मांग लगातार बढ़ रही है, जबकि उत्पादन उसी अनुपात में नहीं बढ़ पा रहा। ऐसे में किसानों के लिए मधुमक्खी पालन अधिक लाभदायक सिद्ध हो सकता है। सत्र में डॉ. ओ.पी. चौधरी, क्षेत्रीय निदेशक, सीसीएस कृषि विश्वविद्यालय ने कीट व रोग प्रबंधन पर डॉ. गौरव, सहायक विशेषज्ञ, मंगल कृषि विश्वविद्यालय ने परागण में मधुमक्खियों के महत्व पर उद्यमी संजय तक्षक ने मधुमक्खी विष संग्रहण और विपणन विधियों पर विस्तार से जानकारी दी।

### लोगों को प्राकृतक खेती के उपाय बताए

**तरावड़ी।** प्राकृतिक खेती का वास्तविक आधार देसी गाय है। देसी गाय के गोबर और गोमूत्र से तैयार होने वाला जीवामृत, घनजीवामृत और अन्य जैविक घोल मिट्टी को जीवन देते हैं, रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता समाप्त करते हैं और फसल को रोगों से बचाते हैं। प्राकृतिक खेती का केंद्रबिंदु कोई मशीन या रसायन नहीं, बल्कि हमारी देसी गाय है।

### हलके के लोगों से बात कर समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

# विधानसभाध्यक्ष कल्याण ने दो घंटे घरौंडा शहर का किया पैदल भ्रमण

**व्यवस्थाएं जांचीं, शहर को जाम मुक्त, स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए जनभागीदारी पर की चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा






घरौंडा। हलके का भ्रमण करने के दौरान लोगों से बातचीत करते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की देर शाम अपना काफिला रोक कर घरौंडा शहर के बाजारों में अपने स्टाफ व अन्य शहरवासियों के साथ पैदल निकल पड़े। उन्होंने शहर की विभिन्न गतिविधियों को बारीकी से जांचा, जहां पर उन्होंने कई खामियां नजर आईं और उन्होंने उनको गंभीरता से लेते हुए वहाँ उपस्थित शहर के लोगों से चर्चा की। विधानसभा स्पीकर ने शहर में पैदल चलकर घरौंडा शहर को और अधिक साफ़-सुथरा व विकसित बनाने की सोच को जन भागीदारी से जोड़ते हुए उन खामियों पर चर्चा की व वहाँ उपस्थित प्रमुख जनों को इस विषय को शहर की विभिन्न संस्थाओं व समाज के प्रबुद्ध नागरिकों से साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार बजट तो उपलब्ध करवा सकती है परन्तु शहर की स्वच्छता व सुंदरता सुनिश्चित करना तथा अच्छी व्यवस्था व वातावरण स्थापित करने में जन भागीदारी की आवश्यकता होती है जो समाज के प्रमुख व्यक्तियों व संस्थाओं के एक साथ मिलकर प्रयास करने से ही संभव है। मामला था शहर को जाम से मुक्त करवाना तथा और अधिक बेहतर, सुन्दर व स्वच्छ बनाने का जिनको लेकर विधानसभा अध्यक्ष काफी गंभीर नजर आए। रविवार देर शाम जब स्पीकर कल्याण ने शहर को जाम से जकड़ा हुआ देखा उन्होंने वहाँ उपस्थित लोगों से शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं के साथ - साथ शहर के गणमान्य लोगों से संवाद करने को कहा ताकि शहर को अतिक्रमण मुक्त, साफ सुथरा बनाने व शहर के सौंदर्यकरण आदि विषयों पर सभी विचार विमर्श करें व आमजन की भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि वे भी सभी के साथ एक बैठक करेंगे तथा जनभागीदारी बढ़ाने का आग्रह करेंगे।

**अच्छी व्यवस्था व वातावरण मिलकर प्रयास करने से ही संभव**

इस पैदल दौरे में लोगों ने भी स्पीकर कल्याण से कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। ज्ञात रहे कि कल्याण रविवार की देर शाम अपना काफिला रोक कर शहर के बाजारों में अपने स्टाफ के साथ पैदल निकल पड़े तथा शहर की व्यवस्थाओं को बारीकी से जांचा। इस दौरान उन्होंने अपने साथियों के साथ दुकानदारों के अनुरोध पर गोलगप्पे भी खाए।

**जनप्रतिनिधि सभी मुद्दों पर आमजन से करें**

स्पीकर हरविन्द्र कल्याण ने नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता व शहर के सभी पार्षदों का आह्वान किया कि सभी जनप्रतिनिधि भी मिलजुल कर इन सभी मुद्दों पर आमजन से संवाद करें। उन्होंने साथ ही ये भी कहा कि शहर की प्लानिंग की वे खुद अधिकारियों व पार्षदों के साथ बैठक कर रूपरेखा तैयार करेंगे ताकि सबकी भागीदारी व सहयोग से घरौंडा को और बेहतर बनाया जा सके व लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सके।

## पर्यावरण संरक्षण में अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका : राजपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी ने इंद्री पहुंच कर पौधशाला का निरीक्षण किया और विभिन्न प्रकार के फूलों की पौध प्राप्त की। डीएसपी इंद्री व थाना परिसर में बोई गई फूलों की पौध यहां आने जाने वाले लोगों के लिए फोन लगाने के लिए प्रेरणा देने एवं आकर्षण का केंद्र बन रही है। पुलिस प्रशासन और शिक्षा विभाग के मिले-जुले प्रयासों से परिसर की उबड़ खाबड़ खाली रेतली और ईंट रोड़ी वाली जमीन जिस में कांग्रेस घास,भांग, जंगली झाड़ खड़ा था, को साफ करके समतल करके उसमें खाद डालकर फूलों की पौध के बीज आपसी संस्था की बोये गए जो अब तैयार हैं और विभिन्न सरकारी व निजी संस्थाओं के प्रांगण की शोभा बन रहे हैं।

फूलों की बहुत प्राप्त करने के लिए करनाल के पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी ने पौधशाला का निरीक्षण किया करके धरती को सुंदर और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए किया जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

राजपाल चौधरी ने कहा कि करनाल में पर्यावरण संरक्षण के कार्य में अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## महिला को शादी का झांसा देकर यौन शोषण

- **एक वर्ष तक अलग-अलग शहरों में रखा**
- **कई बार जबरन गर्भपात कराने की शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले के मूनक थाना क्षेत्र में एक विवाहित महिला ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने और अपनी मां की मदद से कई बार जबरन गर्भपात कराने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि पति के अत्याचारों से परेशान होने पर आरोपी युवक ने उसे सहारा देने का वादा किया और उसके साथ रहने का भरोसा दिलाया। परंतु बाद में उसने शादी के नाम पर लगातार शारीरिक संबंध बनाए। महिला का आरोप है कि युवक व उसकी मां हर बार गर्भ ठहरने पर गर्भपात की दवा खिलाकर जबरन गर्भपात कराते रहे। पीड़िता ने बताया कि आरोपी लगभग एक साल तक उसे अलग-अलग शहरों में रखता रहा और बाद में उससे बातचीत तक बंद कर दी। जब वह उसके परिवार के घर गई, तो उसे घर में घुसने तक नहीं दिया गया।

पीड़िता के अनुसार 11 नवंबर 2024 को वह अपने दो छोटे बच्चों को छोड़कर आरोपी के साथ रोहतक चली गई। लेकिन बाद में युवक ने उसे अपनी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाने को मजबूर किया और गर्भवती होने पर गर्भपात करवाया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 30 अप्रैल को जब उसने पंचायत कराने की बात कही तो आरोपी उसे फिर रोहतक ले गया, जहां उसने लिखित रूप से शादी का वादा किया, लेकिन इसके बावजूद शोषण जारी रखा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर ली है।

**मामला जींद, करनाल और रोहतक से जुड़ा**

पीड़िता मूल रूप से जींद जिले की रहने वाली है। उसका पति शराब और नशे का आदी था, जिसके कारण उसने अपनी जमीन और संपत्ति भी बेच दी। इसी बीच करनाल के बल्ला गांव का आरोपी युवक उसके संपर्क में आया और उसे बेहतर जीवन देने का आश्वासन दिया।

## न्यूज डायरी




### छह पटवारियों के निलंबन के विरोध में राजस्व पटवार व कानूनगो संघ का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**करनाल।** क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल खराबा सत्यापन प्रक्रिया में प्रदेश के छह पटवारियों को निलंबित किए जाने के विरोध में राजस्व पटवार एवं कानूनगो संघ ने जिला सचिवालय में जोरदार नारेबाजी कर तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।संघ के प्रधान कश्मीर ने कहा कि फसल खराबे के सत्यापन में एक ही फोटो कई स्थानों पर अपलोड करना मजबूरी था, क्योंकि 800 पटवारियों ने मात्र 20 दिनों में लगभग 31 लाख एकड़ क्षेत्र का सत्यापन किया है। इस स्थिति में प्रत्येक खसरा नंबर की अलग-अलग फोटो अपलोड करना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया राज्यभर में इसी पद्धति से की गई है, ऐसे में केवल छह पटवारियों को दंडित करना न्यायसंगत नहीं है। निलंबन तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर और सेवाराम बड़सर ने भी पटवारियों के समर्थन में आवाज उठाई और निलंबन को अनुचित बताया। कार्यक्रम में अशोक, नीरज हुड्डा, सतीश, राममेहर, नरेश, राजपाल, धीरज रावत सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।



### अनुबंध कर्मचारियों ने जिला प्रशासन का पुतला फूंका, दो महीने धरने के बाद चंडीगढ़ कूच

**करनाल।** रोहतक पी. जी. आई. में अनुबंध आधार पर कार्यरत 1271 कर्मचारी पिछले कई महीनों से नियमितीकरण तथा हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल किए जाने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। सोमवार को जिला सचिवालय के सामने कर्मचारियों ने जिला प्रशासन की वादाखिलाफी के विरोध में पुतला फूंका और बड़े पैमाने पर नारेबाजी की। प्रधान अभिषेक तथा महासचिव महेश ने बताया कि 26 सितंबर को रोहतक से चंडीगढ़ की ओर पैदल मार्च निकालते समय प्रशासन ने 29 सितंबर को करनाल की जाट धर्मशाला में उन्हें रोक दिया, जिसके बाद 3 अक्टूबर से कर्मचारी जिला सचिवालय के सामने धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने सात दिन में मुख्यमंत्री से मुलाकात करवाने का लिखित आश्वासन दिया था, जो पूरा नहीं हुआ। इससे कर्मचारियों में भारी रोष है और अब कर्मचारी पुनः चंडीगढ़ कूच कर रहे हैं। एसोसिएशन ने कहा कि अन्य विभागों के हजारों कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम से जोड़ा गया है, ऐसे में रोहतक पी. जी. आई. के कर्मचारियों के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है। इस अवसर पर सुरेंद्र, सतीश, सचिन, बलराज, मनीष, निर्मला, परीक्षित, संजय, सीमा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।



### प्रेम नगर और गांधी नगर में तीन अवैध डेयरियों पर नगर निगम की कार्रवाई

**करनाल।** नगर निगम करनाल ने मंगलवार को प्रेम नगर और गांधी नगर क्षेत्रों में संचालित तीन अवैध डेयरियों पर कार्रवाई की। बार-बार नोटिस देने के बावजूद डेयरियों को पिंगली डेयरी परिसर में स्थानांतरित न करने पर निगम ने सख्त कदम उठाए। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के अनुसार— मान कॉलोनी निवासी जयपाल पुत्र मोती राम की डेयरी को सील किया गया। प्रेम नगर निवासी अनिल पुत्र ईलम सिंह की डेयरी से दो पशु कब्जे में लिए गए और बीस हजार रुपये का दंड लगाया गया। गांधी नगर निवासी राजपाल पुत्र कृष्ण लाल की डेयरी से एक पशु कब्जे में लेकर दस हजार रुपये का दंड लगाया गया। कुछ डेयरी संचालकों—जैसे महेन्द्र पुत्र खिला राम तथा ईशम सिंह पुत्र रामजी लाल—ने अपनी डेयरियों को शहर से बाहर तथा पिंगली परिसर में स्थानांतरित कर लिया था। गांधी नगर गली संख्या 7 के एक डेयरी संचालक को भी कड़ी चेतावनी दी गई। आयुक्त ने बताया कि यह कार्रवाई हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 332 और 333 के तहत की गई। पशुपालन विभाग की टीम द्वारा पशुओं को मौके पर ही पहचान चिह्न लगाए गए और उन्हें फूसगढ़ स्थित गौशाला भेजा गया। उन्होंने कहा— शहर में कोई भी अवैध डेयरी चलने नहीं दी जाएगी। यही शहर की स्वच्छता और नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।" आज की कार्रवाई ड्यूटी दंडाधिकारी एवं उप नगर निगम आयुक्त अभय सिंह के नेतृत्व में हुई। इसमें सुरेंद्र चोपड़ा, रामकरण भारद्वाज, मनोज मान, प्रदीप शर्मा, मनदीप सिंह, संदीप कुमार, प्रवेश कुमार, गुलाब सिंह सहित पशुपालन विभाग और पुलिस दल शामिल रहा।

## ज्ञान भारती स्कूल की छात्रा मिरल कांबोज ने भारोत्तोलन में जीता सिल्वर, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री 1 इंद्री पहुंचने पर खिलाड़ी मिरल कांबोज का स्वागत करते स्कूल के चेयरमैन अश्विनी कांबोज ।

ज्ञान भारती स्कूल मटक माजरी की छात्रा मिरल कांबोज ने राष्ट्रीय स्तर की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में सिल्वर पदक हासिल कर इंद्री हल्के का नाम रोशन किया है। मिरल का इंद्री पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

उन्हें कार में बैठाकर ढ़ोल बाजों के साथ स्कूल में लाया गया जहां स्कूल प्रशासन व बच्चों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर मिरल के अभिभावक व कोच सहित काफी संख्या में उनके परिजन भी मौजूद रहे। खिलाडी मिरल कांबोज ने बताया कि उन्होंने अरूचाणल प्रदेश के ईटानगर में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में अपने वर्ग में सिल्वर पदक जीता है। इस प्रतियोगिता में पूरे देश से खिलाडियों ने भाग लिया था। मिरल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों, कोच व स्कूल प्रशासन को दिया जिनके प्रयासों से वो आज इस मुकाम को हासिल करने में कामयाब हुई है। उन्होंने बताया कि इससे पहले वो खंड, जिला व प्रदेश स्तर की कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनेकों पदक हासिल कर चूकी है और अब उनका अगला लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेलों में भाग लेकर पदक हासिल करना है जिसके लिए वो आजकल सोनीपत से कोचिंग ले रही है।

## अवैध दवाओं की बिक्री पर मेडिकल स्टोर सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा सरकार के नशा मुक्त प्रदेश संकल्प को आगे बढ़ाते हुए राज्य में चल रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के अंतर्गत हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो की करनाल इकाई ने ड्रग नियंत्रण अधिकारी करनाल-1 के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए कैथल रोड स्थित गुरु नानक मेडिकल स्टोर को सील कर दिया। ब्यूरो प्रमुख एवं पुलिस महानिदेशक ओ. पी. सिंह के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान का नेतृत्व करनाल के पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने किया। कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए करनाल इकाई के प्रभारी निरीक्षक ऋषीपाल सिंह ने बताया कि ए. एस. आई. बलिंदर सिंह के साथ गई टीम को मेडिकल स्टोर पर अत्यधिक मात्रा में अनुचित तरीके से दवाइयां बेचने की सूचना मिली थी। जानकारी मिलते ही टीम ने छापामारी की। जांच के दौरान पता चला कि मेडिकल स्टोर ने अप्रैल 2025 से अब तक लगभग 1500 शीशियाँ फेनीरामाइन मैलेट इंजेक्शन खरीदी थीं, जिनकी बिक्री का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था। यह इंजेक्शन दोहरे उपयोग वाली पर्ची आधारित दवा है, जिसकी बिना मान्यता प्राप्त चिकित्सा प्रैक्टिशनर की पर्ची के बिक्री करना दंडनीय अपराध है।

### नशा मुक्त समाज के लिए किया जागरूक

करनाल। डॉ. गणेश दास डी.ए.वी. महिला शिक्षण महाविद्यालय, करनाल में प्राचार्या डॉ. राकेश संधू के नेतृत्व में नशा मुक्त समाज निर्माण हेतु व्यापक जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। इसके अंतर्गत छात्र अध्यापिकाएँ घरौंडा, गोगरीपुर, मंजूरा, दादूपुर सहित करनाल शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पहुँचीं और यज्ञ, नाटक प्रदर्शन, नशा मुक्ति शपथ ग्रहण तथा जागरण रैली का आयोजन किया गया।ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने इन आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्या डॉ. राकेश संधू ने स्वयं विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया और कहायह मात्र धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि नशा मुक्त भारत के लिए हमारे संकल्प का प्रतीक है।

## कांग्रेस प्रतिभाशाली युवाओं की आवाज को देगी मजबूती




**करनाल।** युवाओं की प्रतिभा को राजनीति और समाजहित में सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मीडिया एवं संचार विभाग द्वारा शुरू किए गए नेशनल टैलेंट हंट अभियान को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने करनाल से गति देने की शुरुआत कर दी है। सोमवार को डॉ. मंगल सेन ऑडिटोरियम, करनाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता और जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस की सोशल मीडिया इंचार्ज मोनिका दुमरा, कार्यक्रम के डेलीगेट डॉ. मनीष परवेज राणा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश वैद्य और शहरी जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि यह अभियान उन युवाओं के लिए विशेष अवसर लेकर आया है, जिनमें मीडिया, बहस, जनसंपर्क, सार्वजनिक संवाद और विचार अभिव्यक्ति जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ने की क्षमता है।

**जागरूकता** | जिलेभर में यह विशेष अभियान 6 जनवरी 2026 तक चलाया जाएगा

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नशा मुक्ति अभियान को किया तेज

- **स्कूलों व सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता शिविर जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में नशा मुक्त हरियाणा मिशन के अंतर्गत जिला में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह विशेष अभियान 6 जनवरी 2026 तक चलाया जाएगा। कार्यक्रमों का उद्देश्य स्कूलों, गांवों तथा सार्वजनिक स्थानों पर छात्रों व आमजन को नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराना है।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि मंगलवार को वह आर. पी. एस. स्कूल पहुँची, जहाँ विद्यार्थियों और स्टाफ को नशा मुक्ति अभियान की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार जिला के प्रत्येक गांव, वार्ड और शिक्षण संस्थानों में लगातार जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

इसके उपरांत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों, पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वालंटियरों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। यहां सभी को अभियान के उद्देश्य एवं कार्ययोजना से अवगत कराया गया तथा जनसमुदाय को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया गया। इसी क्रम में पैरा लीगल वालंटियर अज्ञा पाल ने आई. टी. आई. चौक पर शिविर लगाकर राहगीरों को नशे में वाहन चलाने से होने वाले हादसों के प्रति जागरूक किया और नशा न करने की शपथ दिलवाई। इस दौरान यातायात निरीक्षक रोशन लाल की अगुवाई में चालान अभियान भी चलाया गया और लोगों को 13 दिसंबर को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने लंबित चालानों व मामलों के निपटारे के लिए प्रेरित किया गया। कोर्ट परिसर में पैनल अधिवक्ता नरेश रंगा और फ्रंट कार्यालय संयोजक बलकार सिंह ने भी जनजागरूकता अभियान चलाया। वहीं ब्रेकथ्रू संस्था की इंचार्ज कमला व उनकी टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलीपुर खालसा में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प करवाया।




**विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई**

विद्यार्थियों को नशे से होने वाले स्वास्थ्य, परिवारिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया गया और उन्हें नशा न करने की सामूहिक शपथ दिलाई।

## खबर संक्षेप

### सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग ली

**समालखा।** नई अनाज मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के महत्व से अवगत कराना तथा आकस्मिक परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने के कौशल प्रदान करना था। प्रशिक्षण का नेतृत्व विशेषज्ञ प्रशिक्षक प्रवीन दहिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान शिव कुमार गर्ग, उप प्रधान गौतम गर्ग, मैनेजर धीरज मित्तल, सचिव प्रदीप मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रदीप मित्तल आदि उपस्थित रहे।

### केतन व आस्था ने स्वर्ण पदक जीते

**पानीपत।** ड्रीमशॉट कप एयर पिस्टल शूटिंग मिक्स टीम इवेंट में प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल के निशानेबाज विद्यार्थियों केतन व आस्था ने स्वर्ण पदक और माही व तरनव ने रजत पदक जीते है। वहीं दूसरी ओर 13 वें श्री बहादुर सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में भी माही व केतन ने स्वर्ण पदक जीते। जबकि आस्था व लविश ने कांस्य पदक जीते। विजेताओं को स्कूल की स्कूल के वाइस चेयरमैन कार्तिक शर्मा, डायरेक्टर अंजू गुप्ता व प्रधानाचार्य ममता ने बधाई दी।

### एसडीएम ने कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के निर्देश पर एसडीएम मनदीप कुमार ने मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित सभी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने हाजिरी रजिस्टरों की गहन जांच की और अधिकारियों कर्मचारियों को समय पर दफ्तर पहुंचने के स्पष्ट निर्देश दिए।

### छात्रों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह स्थित शिवा सैनिक स्कूल में स्कूल की भूतपूर्व प्राचार्या स्व.कमलेश यादव प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में अजय भूकर, जवाहर शर्मा, अजय , राकेश कादियान, रजनी, राजीव कपूर मौजूद रहे। वहीं, प्रतियोगिता में प्रथम दस विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### पुलिस ने वाहनों के चालान किए

**समालखा।** समालखा में ट्रैफिक पुलिस द्वारा नियमों के उल्लंघन पर नकेल कसते हुए 60 वाहनों के चालान किए। वहीं, समालखा शहरी ट्रैफिक पुलिस अधिकारी सतीश सैनी ने बताया कि सर्विस रोड फ्लाई ओवर के नीचे और अन्य प्रमुख स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के चालान किए गए हैं।

### मादक पदार्थ तस्करी में आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने 46 किलो 700 ग्राम गांजा तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर श्रवण हाल निवासी गांव पट्टीकल्याणा जिला पानीपत, मूल निवासी गांव भागल, जिला रोपड़, पंजाब को गिरफ्तार किया है। वहीं, सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि उनकी टीम ने सात जुलाई को पट्टीकल्याणा गांव में चंद्र निवासी पट्टीकल्याणा से 46 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया था।

---

वार्ड 11 से पार्षद अंजना प्रीतम गुर्जर ने कहा कि मेयर सैनी पानीपत नगर का सर्वांगीण विकास कर रही

# पानीपत को विकसित शहर बनाएंगे : कोमल

## मेयर ने किया चावला कॉलोनी की गलियों का निर्माण कार्य का शुभारंभ





**पानीपत।** मेयर कोमल सैनी, पार्षद अंजना, वेद पराशर विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए तथा गांव बापौली में एसटीपी प्लांट के लिए भूमि पूजन करते हुए भाजपा नेता व अधिकारी आदि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की कुटानी रोड पर स्थित चावला कॉलोनी की गलियों का निर्माण कार्य का शुभारंभ मेयर कोमल सैनी ने नारियल फोड़ के किया। वहीं, मेयर कमल सैनी ने कहा कि पानीपत का सर्वांगीण विकास का संकल्प को मैं पूरा करूंगी चाहे मुझे इसके लिए कितना भी संघर्ष और मेहनत करनी पड़े मैं पानीपत के विकास के लिए संकल्पित हूं और निश्चित तौर पर जो मैंने चुनाव के दौरान जनमानस के साथ वादा किया है उसको मैं हर हाल में पूरा करूंगी पानीपत का सर्वांगीण विकास जनता के सहयोग से होगा। वहीं, वार्ड 11 से पार्षद अंजना प्रीतम गुर्जर ने कहा कि मेयर कोमल सैनी पानीपत नगर का सर्वांगीण विकास कर रही है।

जबकि भाजपा जिला प्रवक्ता वेद पाराशर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, विधायक प्रमोद विज व मेयर कोमल सैनी के नेतृत्व में पानीपत का तेजी से विकास हो रहा है। वहीं, वे दिन दूर नहीं जबकि पानीपत विकसित नगर बना जाएगा। इस अवसर पर प्रीतम गुर्जर, बलबीर शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, केशव जताना, हिमांशु कटारिया, अमित मक्कड़, गुलशन कुमार, जसवीर मलिक, सुरेश विक्की, अजय प्रजापत, अमित प्रजापत, रोशन प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

### बापौली गांव में एसटीपी निर्माण का शुभारंभ

■ ग्रामीण अंचल में लोगों को शहरी तर्ज पर मिलेगी सुविधाएं : सलूजा

**पानीपत।** जब मनोहर लाल हरियाणा के मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने हरियाणा के ग्रामीण अंचल को शहरी तर्ज पर विकसित करना शुरू किया था, उन्होंने गांवों में सिवरेज बिछाने क्री योजना बनाई। वहीं, नायब सैनी सरकार, प्रदेश के ग्रामीण अंचल का शहरी तरह पर विकास करवा रही है। ये शब्द केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के सांसदीय प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने बापौली गांव में 5.78 करोड़ क्री लागत से बनने वाले 2.5 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण कार्य का नारियल तोड़ कर शुभारंभ संबोधन में कहे। वहीं कार्यक्रम में सर्व प्रथम वैदिक रीति नीति तथा मंत्रोंचारण से पूजन किया गया। गजेंद्र सलूजा ने कहा कि ये एसटीपी प्लांट ग्राम स्वच्छता में मिल का पत्थर सिद्ध होगा। दूसरी ओर, कार्यकारी अभियंता करण बहल ने बताया कि एसटीपी का कार्य तय समय अवधि में पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. राजबीर आर्य, पंकज शर्मा, जतिन झोका, मोहित शर्मा, राजीव कुमार, राजेश यादव समेत बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

---



**पानीपत।** दयाल सिंह स्कूल के कार्यक्रम में शिकरत करते हुए विद्यार्थी।

## उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद लेकर विदा हुए डीएसपीएस के छात्र

■ विद्यार्थियों ने वरिष्ठ विद्यार्थियों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल की ग्याहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा बारहवीं कक्षा के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। ग्याहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने वरिष्ठ विद्यार्थियों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिनमें नृत्य, गीत, कविताएं, खेल-कूद आदि शामिल थे। छात्रा विजा को मिस एलिगेंट, छात्र रमन को मिस्टर एलिगेंट, छात्रा कशिश को मिस फेयरवेल, छात्र अंशु को मिस्टर फेयरवेल की उपाधि से सम्मानित किया गया। वहीं बारहवीं के छात्रों नें भी विद्यालय में बिताए गए यादगार पलों को सांझा किया और शिक्षकों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। प्राचाया डॉ. विनीता तोमर ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए सफलता और सुखद भविष्य की कामना के साथ भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर क्षितिजा, पलक आनंद, कशिश, नंदिनी आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### छात्रों को जागरूक किया

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव सिवाह में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पानीपत सचिव वर्षा शर्मा के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष केदार दत्त कौशिक, प्रिंसिपल सुरेन्द्र, पुलिस विभाग से एएसआई जगपाल, एमडीडी ऑफ इंडिया जिला समन्वयक संजय कुमार, स्वास्थ्य विभाग से मनोवैज्ञानिक किशोर और पैनल एडवोकेट मीनाक्षी द्वारा विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया। वहीं, वक्ताओं ने कहा कि नशा विनाश का कारण है और यह देश और समाज को कमजोर करता है।

---

## राष्ट्रीय बाल रंग 2025 में हरियाणा द्वितीय

■ राजकीय कन्या स्कूल, गांव मतलौड़ा की छात्राओं ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** राजकीय कन्या स्कूल, गांव मतलौड़ा की विजेता छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल में आयोजित ग्रुप फोक डांस राष्ट्रीय बाल रंग 2025 में भारत के 19 राज्यों की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच पर हरियाणा के जिला पानीपत, ब्लॉक मतलौड़ा की राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मतलौड़ा की टीम ने शानदार प्रस्तुति देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर पूरे हरियाणा और पानीपत का नाम रोशन किया। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, जिला कोऑर्डिनेटर संदीप रत्तेवाल, बीईओ मतलौड़ा अश्वनी, प्राचार्य सुरेश दलाल, मतलौड़ा सरपंच जसमेर देशवाल, वाइस चेयरमैन मतलौड़ा नरेश कुमार, प्राचार्य सुरेश देशवाल, सुमेर सिंह, सुषमा रावल, महेंद्र दीक्षित, रश्मि ने विजेताओं को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। वहीं, सरपंच जसमेर देशवाल द्वारा टीम की हौंसला अफजाई करते हुए प्रत्येक छात्रा को एक-एक ट्रैक सूट और 1100 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

## जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई

■ पुलिस का नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**समालखा।** नशे के खिलाफ वाहन चालकों को शपथ दिलवाते हुए पुलिस टीम।

पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने मंगलवार को समालखा में फ्लाई ओवर पूल के नीचे जागरूक्ता कार्यक्रम आयोजित कर ऑटो, ई रिक्शा चालक व आमजन को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया और जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। वहीं, पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम ने नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। टीम द्वारा बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को खराब करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। नशाखोरी की शुरुआती पहचान, इसकी लत से बचने के उपाय, और यदि कोई व्यक्ति या उनका परिचित इस समस्या से जूझ रहा है तो उन्हें कहा और कैसे मदद मिल सकती है, इस बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। ऑटो, ई रिक्शा चालक व आमजन को प्रेरित किया कि वे एक स्वस्थ और नशामुक्त जीवन शैली अपनाएं और अपने आस पास के लोगों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें। इधर, जिला में नशा मुक्त अभियान के नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने आमजन से अपील की है कि जिला को नशा मुक्त बनाना है। वहीं, नशे से संबंधित कोई भी सूचना टोल फ्री नंबर 1933 पर या नजदीकी पुलिस थाना में दें।

---



**पानीपत।** आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक के साथ विद्यार्थी।

### अकाउंट क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं : डॉ. शशि

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में मार्केटिंग विभाग एवं कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में तीन महीने से चल रहे औद्योगिक लेखा परीक्षण (इंडस्ट्रियल अकाउंट ट्रेनिंग) विषय पर आयोजित सर्टीफिकेट कोर्स का समापन समारोह मनाया गया। वहीं, विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि सर्टिफिकेट कोर्स आपके कौशल को निखारने और ज्ञान को बढ़ाने में मदद करते हैं जिससे नौकरी की संभावनाएं और करियर में उन्नति के अवसर बढ़ जाते हैं। उपप्राचार्या डॉ. किरण मदान, मार्केटिंग विभागाध्यक्षा डॉ. पूनम मदान ने कहा कि आज के प्रतियोगिता वाले युग में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न स्किल में माहिर होना पड़ेगा। इस अवसर पर कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट से सुनील, निशा गुप्ता, मनीत कौर, मनीष कुमार, आंच प्रवीन समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दो बहनों ने राज्य स्तरीय स्क्वाश में जीते मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव महराना निवासी बहनों ने राज्य स्तरीय स्क्वाश में धमाकेदार प्रदर्शन किया। अवनी ने स्वर्ण, प्रीतिका ने कांस्य पदक जीता।

जबकि मॉडल टाउन के रजत ने सिल्वर मेडल जीता। अवनी नांदल ने गर्ल्स अंडर 11 वर्ग में स्वर्ण पदक, वहीं उनकी बहन प्रीतिका नांदल ने कांस्य पदक जीतकर परिवार और जिले का गौरव बढ़ाया है। जिसके बाद खिलाडियों के परिजनों को उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। वहीं परिजनों व ग्रामीणों का कहना है कि बेटियों का गांव में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा।



**पानीपत।** स्क्वाश में जीते गए मेडल दिखाते हुए अवनी व प्रीतिका।

### किसान सभा आंदोलन करेगी

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी की बैठक में केंद्र व प्रदेश सरकारों पर किसान विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए आंदोलन करने की घोषणा की गई। बैठक में सभा जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, सचिव राजपाल गाहल्याण, संयुक्त किसान मोर्च जिला सह संयोजक का.सुनील दत्त, दिलावर सिंह राठी, रामरूप सैनी, दलवीर नंबरदार, रोहतास मलिक फौजी, एसए खान, विष्णु शर्मा, कंवर सिंह छौक्कर, शीशपाल शर्मा, ईश्वर सिंह छौक्कर, गुलाब पट्टी कल्याणा, समे सिंह मलिक, राजवीर मलिक, जयपाल कादियान, संजय पहलवान आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** कांग्रेस के टैलेंट हंट अभियान का पोस्टर जारी करते हुए कांग्रेस के पदाधिकारी।

### जन सेवा करने में विफल हुई भाजपा सरकार : भारद्वाज

**पानीपत।** कांग्रेस के मीडिया संचार विभाग ने राष्ट्रीय टैलेंट हंट अभियान के दौरान मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी संजीव भारद्वाज ने पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय टैलेंट हंट को लांच किया है। पत्रकार वार्ता में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रभारी मोनिका डुमरा, कांग्रेस के जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष रमेश मलिक, शहरी अध्यक्ष स. बलजीत सिंह, वरिंद्र बुल्ले शाह, सचिन कुंडू आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं, संजीव भारद्वाज ने बताया कि कांग्रेस ने राष्ट्रीय प्रतिभा खोज के लिए यह पहल की है। जिसके तहत कांग्रेस की नई पीढ़ी की आवाज तैयार करना, प्रशिक्षित करना, सशक्त बनाना शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा, जनता को यह कह कर गुमराह कर रही है कि कांग्रेस में गुटबाजी है। जबकि कांग्रेस, सत्तरूढ दल की गलत नीतियों के विरूद्ध जनता के हित के लिए संघर्षरत है। भाजना सरकार जनसेवा करने में विफल रही।

---

प्रतियोगिता

## जयपुर में आयोजित खेलों में छाए पानीपत के खिलाड़ी

# आर्य कॉलेज ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में जीते मेडल, विजेता सम्मानित

खेल हमें हार-जीत दोनों परिस्थितियों में धैर्य और संतुलन सिखाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

आर्य पीजी कॉलेज के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जयपुर में आयोजित खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में बीए के छात्र राहुल ने 10 मीटर व बीकॉम की छात्रा अंजलि ने 25 मीटर पिस्टल शूटिंग में कांस्य पदक जीत कर हरियाणा, पानीपत व आर्य कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी विजेता प्रतिभागियों को कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने इस जीत का श्रेय शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश टूर्ण सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को दिया। इधर, कॉलेज की प्रबंधन समिति के उप-प्रधान वीरेंद्र शिंगला व कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि आर्य कॉलेज के विद्यार्थी न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलकूद के मैदान में भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रहना चाहिए क्योंकि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व जैसी गुणों का विकास करते हैं। इधर, प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि खेल हमें हार-जीत दोनों परिस्थितियों में धैर्य और संतुलन सिखाते हैं।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश टूर्ण, कोच राजेंद्र देशवाल, अनूप गुलिया, सुनील पहल, प्राध्यापिका रजनी सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### नए राजकीय स्कूल बनाए जाएंगे

■ उपायुक्त ने जिला सचिवालय ऑफिस में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**पानीपत।** हरियाणा सरकार शिक्षा को राज्य के सर्वांगीण विकास का सबसे मजबूत आधार मानकर काम कर रही है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय ऑफिस में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में नए सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के निर्माण का निर्णय इसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। डॉ. दहिया ने बताया कि काबड़ी रोड, कुटानी रोड, उझा रोड़ और बबैल रोड के आसपास के क्षेत्रों में स्कूल निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि का चयन किया जाए। इस मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त विवेक चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीआरओ कनब लाकड़ा आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**अशोक कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री भगवान दास निवासी मकान नम्बर 695, हुडा सैक्टर 25, पार्ट-2, पानीपत।**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है अशोक कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री भगवान दास निवासी मकान नम्बर 695, हुडा सैक्टर 25, पार्ट-2, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी की माता श्रीमति ईश्वर देवी धर्मपत्नी श्री भगवान दास निवासी पानीतप की दिनांक 24-11-2014 को मृत्यु हो चुकी है व प्रार्थी के पिता श्री भगवान दास पुत्र श्री सोदागर चंद जी की काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये हैं। कोमल पांचाल वार्ड नम्बर 6, नगर निगम पार्षद पानीपत, एवंम लेखराज पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट मे इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है:-

1- अशोक कुमार, व 2- रमेश कुमार पुत्रगण व 3 पूजा व 4 पुष्पा व 5 गीता रानी पुत्रीयान श्रीमति ईश्वर देवी धर्मपत्नी श्री भगवान दास यानि कुल 5 ही वारिस हैं। इनके ईलावा मृतक श्रीमति ईश्वर देवी धर्मपत्नी श्री भगवान दास का अन्य कोई वारिस / उतराधिकारी नही हैं। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवंम इतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय मे कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 09/12/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**निकुंज पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद निवासी मकान नम्बर 733/11 पानीपत**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है निकुंज पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद निवासी मकान नम्बर 733/11 पानीपत ने वारसान तसदीक हेतू एक दस्तावेज पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी की माता श्रीमति मंजू पत्नी श्री अयोध्या प्रसाद की दिनांक 23/4/2023 को मृत्यु हो चुकी है- यह कि श्रीमति मंजू की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं हल्का पटवारी एवं नगर पार्षद कमल अरोडा वार्ड-10 द्वारा अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है।

1- निकुंज लडका 2-मोनू लडका 3 सोनू लडका 4- मोहनी लडकी 5-रीतू लड़की है मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नही है।

इनके इलावा मृतक श्रीमति मंजू का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इत्त नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है. अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 09/12/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है

हस्ता/- तहसीलदार-कम- संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत

